03.05.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अंगोला के राष्ट्रपति जोंआओ लोरेंसो की नई दिल्ली में मुलाकात–दोनों देशों के बीच कृषि, पारम्परिक चिकित्सा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में समझौते हुए।

○ हरियाणा ने पंजाब के साथ जल विवाद के बाद राजस्थान के हिस्से का करीब 500 क्यूसेक पानी रोका।

○ राज्य में आज कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश होने से गर्मी से राहत–मौसम विभाग का सात जिलों के लिए अंधड़–बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

○ वेव्स 2025 में विशेषज्ञों ने पायरेसी के खिलाफ एकीकृत कार्यवाही का आह्वान किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अंगोला के राष्ट्रपति जोंआओ मैनुअल गोंज़ाल्वेस लोरेंसो ने नई दिल्ली में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद भारत और अंगोला ने कई समझौतों का आदान–प्रदान किया। इनमें कृषि, पारंपरिक चिकित्सा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। इसके बाद संवाददाता सम्मेदलन में श्री मोदी ने कहा कि अंगोला की रक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करने में भारत सहयोग करेगा।

............

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

............

अंगोला के राष्ट्रपति श्री लोरेंसो तीन दिन की भारत यात्रा पर कल नई दिल्ली पहुंचे। संवाददाताओं से बात करते हुए राष्ट्रपति लोरेंसो ने कहा कि 38 सालों में पहली बार हो रही भारत की राजकीय यात्रा अंगोला के लिए महत्वपूर्ण है। इससे दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों के साथ उद्योग और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

000

भारत ने, पाकिस्तान से सभी तरह के आयात पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। वाणिज्य मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार ये निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। इसके तहत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आयात पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंध में किसी प्रकार की छूट के लिए सरकार की अनुमति लेनी होगी।
वहीं पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान से आने वाले सभी श्रेणियों के मेल और पार्सल सेवा को भी निलंबित कर दिया गया है। संचार मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने हवाई और जमीनी दोनों मार्गों से आने वाले मेल और पार्सल के आदान–प्रदान को निलंबित करने का फैसला किया है।

000

पंजाब और हरियाणा के बीच जल विवाद का असर राज्य के भी कुछ स्थानों तक पहुंच गया है। पंजाब ने भाखड़ा नहर से हरियाणा को पानी देना कम कर दिया है, जिससे हरियाणा ने भी राजस्थान के हिस्से का करीब 500 क्यूसेक पानी रोक दिया। यह पानी सिद्धमुख नहर के जरिए हनुमानगढ़ जिले की नोहर और भादरा तहसीलों तक पहुंचता है। इससे इन क्षेत्र में पानी का संकट हो गया है। स्थिति के मद्देनजर जल संसाधन

विभाग के अधिकारी दिल्ली पहुंचे। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की बैठक में तीनों राज्यों के बीच पानी के बंटवारे को लेकर चर्चा की जा रही है।
उधर, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने जल जीवन मिशन में हुई कथित गड़बड़ियों पर कहा कि इसकी जांच की जा रही है। आज जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री पटेल ने कहा कि जेजेएम में हुई अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और केन्द्रीय संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर से दो रेल सेवाओं का शुभारम्भ किया। जोधपुर के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में दोनों केन्द्रीय मंत्रियों ने जोधपुर–पुणे एक्सप्रेस और जोधपुर एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झण्डी दिखाई। इस दौरान सांसद पी.पी. चौधरी और राजेन्द्र गहलोत सहित कई जनप्रतिनिधि और आला अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री शेखावत ने कहा कि इन दोनों रेल सेवाओं से स्थानीय लोगों को सुदूर रहने वाले अपने संबंधियों के यहां जाने के लिये काफी सहूलियत हो जायेगी।

000

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने आज जयपुर में साइबर सुरक्षा को लेकर बैठक की। प्रदेश में हाल ही में सरकारी विभागों की वेबसाइट पर हुए साइबर हमले के मद्देनजर ये बैठक की गई। बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहित कई विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसे आईटी विशेषज्ञ और सेवानिवृत्त कर्नल निधीश भटनागर ने भी संबोधित किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री राठौड़ ने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए राज्य का आईटी विभाग मजबूत साइबर शील्ड बनाने की दिशा में काम करेगा।

000

राज्य में आज कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं कुछ स्थानों पर आंधी चली। नागौर में दोपहर बाद आंधी बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हुआ। चूरू और झुन्झुनू जिले में भी एक दो जगह ओले गिरने के समाचार हैं। राजधानी जयपुर में भी दोपहर में अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश हुई।
इस बीच, कोटा, बारां, झालावाड़ और डीग सहित कई जगह आज सुबह से ही बादल छाए रहे और बूंदाबांदी हुई। डीग से हमारी संवाददाता ने बताया कि पिछले दो दिनों से पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का मिज़ाज बदल गया है। तापमान में कमी आने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

..............

मौसम विभाग ने आज सात जिलों के लिए तेज अंधड़ और गरज के साथ बरसात होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अलवर, भरतपुर और भीलवाड़ा जिलों में हल्की से मध्यम बरसात की संभावना है। वहीं जोधपुर, पाली, अजमेर, सवाईमाधोपुर और धौलपुर जिलों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटे में अलवर, जोधपुर और टोंक जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हुई। 7 मई तक लू से राहत बनी रहेगी। झुंझुनूं जिले में कल तेज अंधड़ से काफी नुकसान हुआ। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अंधड़ से बिजली के खम्भों और लाइनों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा कई जगह ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुए।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने आरटीई अधिनियम के तहत नर्सरी और पहली कक्षा में प्रवेश देने के पिछले आदेश में बदलाव किया है। निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के पिछले अदालती आदेश में संशोधन करते हुए कहा है कि निजी स्कूल में नर्सरी या पहली कक्षा में से जो भी शुरुआती कक्षा हो, उसी में आरटीई के तहत प्रवेश दिया जाए। जस्टिस श्रीचन्द्रशेखर और जस्टिस आनंद शर्मा की बैंच ने यह आदेश राज्य सरकार और एक निजी स्कूल की ओर से दायर अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिया।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए की ओर से कल नेशनल एलिजिबिलिटी कम एन्ट्रेंस टेस्ट–नीट यूजी परीक्षा आयोजित की जाएगी। मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में एम.बी.बी.एस. और बी.डी.एस. कोर्स में प्रवेश के लिए होने वाली ये परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक एक पारी में ली जाएगी। इसके लिए राज्य में भी बनाया गये परीक्षा केन्द्रों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

000

<u>वेव्स से जुडे समाचार –</u>

..............

मुंबई में चल रहे विश्व मीडिया और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 में, आज कई पैनल चर्चाएं और सत्र आयोजित किये गये। एक पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने पायरेसी के खिलाफ एकीकृत कार्यवाही का आह्वान किया। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सामग्री की सुरक्षा विषय पर चर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने इस बारे में जागरुकता लाने पर जोर दिया। चर्चा में कहा गया कि पायरेसी अब एक गंभीर चुनौती बन गई है। इस पर समन्वित प्रक्रियाओं के साथ रोक लगानी होगी।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय तेंदुआ दिवस है। वन्यजीव तेंदुए के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ये दिन मनाया जाता है।

000

आज प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम रखा गया। पाली के जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रेस कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें पत्रकारों का सम्मान किया गया। भरतपुर में लोहागढ़ प्रेस क्लब की ओर से हुई संगोष्ठी में प्रेस की आज़ादी और पत्रकारिता की भूमिका के बारे में चर्चा की गई। ब्यावर के एक कॉलेज में विद्यार्थियां के लिए विशेष कार्यक्रम रखा गया।

000